आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 17.03.2026
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में एस.आई.आर. की तैयारियां तेज, 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी।
- भारतीय मानक ब्यूरो, देहरादून ने हरिद्वार में आयोजित 'इंडस्ट्री मीट' में गुणवत्ता और उपभोक्ता सुरक्षा पर जोर दिया।
- पंतनगर में अखिल भारतीय किसान मेले का समापन। पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा– जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का देश की हरित क्रांति में महत्वपूर्ण योगदान।
- प्रदेश में ईंधन और रसोई गैस की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी।
- और... मौसम विभाग ने 20 मार्च तक प्रदेश के कई इलाकों में बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया।

विशेष गहन पुनरीक्षण

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में आगामी अप्रैल माह में शुरू होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण– एस.आई.आर. की तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्य में अब तक 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है। देहरादून में आयोजित एक बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिन मतदान केंद्रों पर मैपिंग की गति धीमी है, वहां संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने हाल ही में राजस्थान में संपन्न एसआईआर के अनुभव साझा करते हुए एक विस्तृत प्रस्तुति दी और इसके सफल संचालन के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

बैठक में निर्वाचन कार्यालय उत्तराखंड के अधिकारियों के साथ ही सभी जिलों के डिप्टी जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिला अधिकारी तथा राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने भी भाग लिया।

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो की देहरादून शाखा ने 'विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' के अवसर पर कल हरिद्वार में एक 'इंडस्ट्री मीट' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सिडकुल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन बीआईएस देहरादून के निदेशक सौरभ तिवारी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत बनाने में मानकीकरण और गुणवत्ता प्रमाणन के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री तिवारी ने कहा कि सरकार ने उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 800 से अधिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किए हैं।

इस 'इंडस्ट्री मीट' का उद्देश्य उद्योग जगत के हितधारकों के साथ संवाद स्थापित करना तथा बीआईएस की पहलों, उत्पाद प्रमाणन योजनाओं और लाइसेंसिंग से संबंधित नियमों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम गुणवत्ता, सुरक्षा और उपभोक्ता संरक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कच्चे तेल

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में कच्चे तेल की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है और सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और कहीं भी पेट्रोल की कमी की कोई खबर नहीं है। संयुक्त सचिव ने बताया कि ऑनलाइन गैस बुकिंग में भी बढोत्तरी हुई है।

इस बीच, प्रदेश में ईंधन और रसोई गैस की आपूर्ति भी निर्बाध रूप से जारी है। राज्य की किसी भी गैस एजेंसी से गैस की कमी की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उपभोक्ताओं को उनके घरों तक गैस की नियमित आपूर्ति की जा रही है।

सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही सरकार का कहना है कि जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए लगातार निरीक्षण और निगरानी की जा रही है।

किसान मेले का समापन

उधमसिंह नगर के पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय 119वें अखिल भारतीय किसान मेले का समापन हो गया है।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय का देश की हरित क्रांति में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि पंतनगर विश्वविद्यालय भविष्य में अपनी पुरानी प्रतिष्ठा को और मजबूत करेगा।

इस मौके पर काशीपुर की ए.एच. एसोसिएट के प्रोपराइटर हरमीत सिंह बेदी ने बताया कि उन्हें मेले में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। श्री बेदी ने कहा कि उनका उद्देश्य नई तकनीक से युक्त कृषि यंत्रों को किसानों तक पहुंचाना है, जिससे किसानों को कम लागत में अधिक लाभ मिल सके।

जन जन की सरकार

अल्मोड़ा जिले के न्याय पंचायत रियूनी में "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बिजली, सड़क, स्वास्थ्य सेवाओं, पशुओं के उपचार, राशन कार्ड, सड़क और पेंशन से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

आकाशवाणी से बातचीत में संयुक्त मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात ने बताया कि शिविर में 100 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय सेना के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर युवाओं को अग्निवीर भर्ती से संबंधित जानकारी भी दी।

जिला पंचायत सदस्य दीपक शाह ने कहा कि "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है।

मौसम

मौसम विभाग ने 20 मार्च तक प्रदेश में बारिश और बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया है। इस अवधि में कुछ हिस्सों में हल्की बारिश, जबकि कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है। साथ ही अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी का भी अनुमान है। विभाग के अनुसार आज राज्य के पर्वतीय जिलों के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा, जबकि मैदानी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

उत्तराखंड में आज से मिलेंगे कमर्शियल सिलेंडर, कोटा तय...इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र खबर में लिखता है– सरकार ने हटाई कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर लगी रोक, आपूर्ति नियमित करने के आदेश।

वाइब्रेंट विलेज योजना में 402 करोड़ रुपये के नए विकास प्रस्तावों को मंजूरी– अमर उजाला इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक।

चारधाम यात्रा की निगरानी के लिए बनेगी कमेटी, हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– अव्यवस्थाओं, पशुओं पर अत्याताप को लेकर कोर्ट सख्त, गढ़वाल कमिश्नर की अध्यक्षता में बनेगी कमेटी।

हरिद्वार में 2027 में होने वाले अर्धकुंभ में नहीं होगी बजट की कमी– दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री ने दिए अधिकारियों को निर्देश।